# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT.
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/4056
दिनांक : 19.04.2023

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्रांक बी0एड0 परीक्षा/4053, व 4054, दिनांक 25.03.2023 ,ारा निर्गत विज्ञप्ति के माध्यम से बी0एड0 प्रथम वर्ष (मुख्य, बैक व भूवपूर्व परीक्षार्थियों) वर्ष व द्वितीय वर्ष (मुख्य, बैक व भूवपूर्व परीक्षार्थियों) के परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 27, 31.03.2023 निर्धारित की गयी थी। परन्तु कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म किसी कारणवश नही भरे जा सके, के दुष्टिगत परीक्षा फार्म भरने, परीक्षा शुल्क जमा व महाविद्यालय द्वारा कन्फर्म करने की दिनांक 19.04.2023 से 22.04.2023 तक विस्तारित की जाती है।

महाविद्यालयों को पूर्व में निर्गत निर्देशो का अनुपालन करते हुये दिनांक 25.04.2023 तक बी0एड0 परीक्षा विभाग में परीक्षा फार्म विभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में जिम्मेदारी महाविद्यालय/सम्बन्धित विद्यार्थी की होगी।

प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा के फार्म विश्वविद्यालय वेबसाइट https://ccsu.aimserp.co.in web/registration/studentexamform के लिंक पर भरे जायेगे।

द्वितीय वर्ष (मुख्य, बैक तथा भूतपूर्व विद्यार्थी) एव प्रथम वर्ष (बैक व भूतपूर्व विद्यार्थी) परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाइट https:/exam.ccsuweb.in के लिंक पर भरे जायेगे।

नोट– ऑनलाईन रोल लिस्ट कालेज लॉगईन आई0डी0 पर दिनांक 23 व 24.042023 तक प्रेषित, के अनुसार नामांकन फार्म व मूल माईग्रेसन पर रोल नम्बर व नामांकन संख्या महाविद्यालय द्वारा अंकित किया जाना सुनिश्चित करेगे तथा माईग्रसन व माईग्रेसन का फार्म एक साथ अटेच कर सूची तैयार कर प्रेषित करे। अन्यथा की स्थिति में फार्म स्वीकार नही किये जायेगा।

यह परीक्षा फार्म भरे जाने का अन्तिम अवसर है। इसके पश्चात कोई अनुरोध स्वीकार नही होगा।

**महत्वपूर्ण अनुदेश:–**

01. परीक्षायें माह मई, 2023 में आयोजित होगी। अतः समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि समयान्तर्गत छात्रों की अतिरिक्त कक्षायें चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना, आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराना इत्यादि सुनिश्चित करे।
02. प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा फार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु एंजेसी हैल्प लाइन नम्बर 0121–2997771 तथा 0121–2997772 तथा ई–मेल आई0 : helpdeskaimserp@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।
03. द्वितीय वर्ष (मुख्य, बैक तथा भूतपूर्व विद्यार्थी) एव प्रथम वर्ष (बैक व भूतपूर्व विद्यार्थी) परीक्षा फार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु एंजेन्सी हैल्प लाइन नम्बर 8533072639 तथा ई–मेल आई0 : ccsu@helpenable.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।
04. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो वर्षो (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्या परीक्षा के रूप में) के परीक्षाफार्म नही भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षाफार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।
05. अनुसचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थी परीक्षा फार्म के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र व संदर्भित जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।
06. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक यह भी सुनिश्चित करे लें कि छात्र द्वारा वैकल्पिक विषय का चयन स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही चयनित किया जाए अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय/छात्र की जिम्मेदारी स्वयं होगी।

07. विद्यार्थियों द्वारा परीक्षाफार्म में अपनी फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, जाति, पत्राचार का पता, मोबाइल नं0, ई–मेल विषय कोड, स्त्री/पुरूष त्रुटिवश गलत भर दिये जाने पर महाविद्यालय/संस्थान अपने लॉगिन आई0डी0 से संशोधित किया जाना सुनिश्चित करें। छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय में न भेजा जाये।

08. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षाफार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षाफार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षाफार्म निरस्त समझा जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षाफार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षाफाम केवल एक बार ही भरा जायेगा।

09. परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही भरना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना फार्म मान्य नहीं है।

10. परीक्षाफार्म भरने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षाफाम का प्रिंट निकाल ले। परीक्षाफार्म की एक हार्ड कॉपी महाविद्यालय/संस्थान को जमा कराये एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

11. छात्र द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म को महाविद्यालय/संस्थान अपने पोर्टल पर ऑनलाइन से कन्फर्म करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय/संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

12. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षाफार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी छात्र का परीक्षाफाम निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

13. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों एवं नोमिनल रोल लिस्ट की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करे।

14. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षाफार्म प्रेषित न किया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

15. अल्पसंख्यक कोटे में प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची व परीक्षा फार्म अलग से बण्डल तैयार कर जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

16. काउंसलिग कर्ता विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार विद्यार्थी पूण अर्ह हो अन्यथा कि स्थिति में उसका फार्म स्वत ही निरस्त समझा जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय/सम्बन्धित विद्यार्थी की होगी।

नोट– प्रथम वर्ष (बैक/भूतपूर्व) तथा द्वितीय वर्ष (मुख्य/बैक/भूतपूर्व) परीक्षा फार्म के साथ मूल माइग्रेसन संलग्न न करे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान (बी0एड0 पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, माननीय परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेण्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रबन्धक/प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

19/04

सहायक कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)